भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 391

उत्तर देने की तारीख 08.12.2022

बापतला कृषि और खाद्य प्रसंस्करण संकुल

391. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पारंपरिक उद्योग पुनर्चालन हेतु वित्त योजना (स्फूर्ति) योजना के अंतर्गत बापतला कृषि और खाद्य प्रसंस्करण संकुल की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त संकुल के संबंध में वित्तीय सहायता और लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है; और

(ग)उक्त योजना के अंतर्गत विपणन क्षमता, कौशल और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) बापतला कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्लस्टर का अनुमोदन मार्च, 2022 में 605 लाभार्थियों की सहायता हेतु 238.6 लाख रु. की भारत सरकार की सहायता के साथ किया गया।

(ग) परियोजना के अंतर्गत, खुदरा बिक्री केंद्रों और सुपर बाज़ारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों में कियॉस्क, सरकारी विद्यालयों और कॉलेजों को आपूर्ति, ऑनलाइन पोर्टलों आदि के माध्यम से कृषि उत्पादों के विपणन की योजना बनाई जा रही है। मूल्य वर्धित बाज़रा उत्पादों के विनिर्माण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग आदि के लिए किसानों और कृषि-उद्यमियों के लिए विशेषज्ञ अनुसंधान संस्थानों की भागीदारी में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी योजना बनाई गई है। क्लस्टर के क्रियाशील होने के बाद, विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ सामंजस्य के लिए अवसरों का पता लगाया जाएगा।

*****